कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 16.04.2024

विषयः- गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त राधेश्याम मास्टर बाबा थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 132/2024 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि0 1986 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राधेश्याम मास्टर बाबा पुत्र स्व0 किशुन चन्द निवासी C8 पत्रकारपुरम कालोनी सिकरौल थाना कैण्ट जनपद वाराणसी को दिनांक-15.04.2024 को समय करीब 22.00 बजे अभियुक्त के घर पत्रकारपुरम कालोनी सिकरौल थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

राधेश्याम मास्टर बाबा पुत्र स्व0 किशुन चन्द निवासी C8 पत्रकारपुरम कालोनी सिकरौल थाना कैण्ट वाराणसी उम्र करीब 59 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 574/2023 धारा 395 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 132/2024 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि0 1986 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

उपरोक्त अभियुक्त गैंग बनाकर लूटपाट करता है, काफी दिनों से फरार/वांछित चल रहा था। पूर्व में दिनांक 29/12/2023 को केराकत जौनपुर से सिन्धोरा आयर से फर्म का बकाया पैसा तकादा करके तीन लाख(300000) रुपये बैग में रखकर मार्केटिंग एजेन्ट से रिंग रोड़ अन्डर पास चाँदमारी से होते हुए भोजूबीर वाले मार्ग पर नटनिया माई मन्दिर के पास दो बाईक पर पाँच आदमी रोककर एजेन्ट का पैसे से भरा हुआ बैग छीन कर धक्का देते हुए भाग गए। मार्केटिंग एजेन्ट की तहरीर पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0 574/2023 धारा 395 भा0द0वि0 पंजीकृत हुआ। थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी करते हुए बरामदगी की गयी थी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 रविशंकर त्रिपाठी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 गौरव सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 अनुप कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 बालमुकुन्द मौर्य थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. चालक का0 दीपक चौहान थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।